स्वच्छता प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का लगातार तीसरे साल उत्कृष्ट प्रदर्शन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ राज्य को सूचित किया है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ ने पुन: स्वच्छता के क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए देश के स्वच्छतम राज्य के अपने दर्जे को बरकरार रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्ष 2019 एवं 2020 में भी छत्तीसगढ़ स्वच्छता के मामले में अग्रणी राज्य था।

प्रमुख बिंदु

- आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ पर 20 नवंबर, 2021 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा छत्तीसगढ़ को भारत के स्वच्छतम राज्यों की श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा।
- भारत सरकार द्वारा आयोजित विश्व की सबसे बड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने इस बार भी बाजी मारी है। छत्तीसगढ़ को न सिर्फ राज्य के रूप में बल्कि यहाँ के 61 शहरों को भी इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य होगा, जिसके सबसे ज्यादा निकाय पुरस्कृत किए जाएंगे।
- छत्तीसगढ़ देश का ऐसा एकमात्र प्रदेश है, जहाँ पर नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी के सिद्धांतों के अनुरूप 9000 से अधिक स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से 1600 टन गीला एवं सूखा कचरा एकत्रीकरण करते हुए वैज्ञानिक रीति से कचरे का निपटान किया जाता है।
- इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को देश का प्रथम ओडीएफ प्लस राज्य निरूपित किया गया है।
- भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हर साल देश के समस्त शहरों एवं राज्यों के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत शहरी स्वच्छता का आकलन किया जाता है।
- मुख्य रूप से घर-घर से कचरा एकत्रीकरण, कचरे का वैज्ञानिक रीति से निपटान, खुले में शौच मुक्त शहर, कचरा मुक्त शहर आदि का थर्ड पार्टी के माध्यम से आकलन करते हुए नागरिकों के फीडबैक को भी इसमें शामिल किया जाता है। इसी आधार पर राज्यों एवं शहरों की रैंकिंग जारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों तथा शहरों को पुरस्कृत किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-excellent-performance-in-cleanliness-competition